# आनंदालय

## वार्षिक परीक्षा

## कक्षा :छठी

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 05-03-2025 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए।

**खंड-क**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :

प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने देश के लिए प्रेम तथा अनन्य भक्ति-भाव रखे । उसका देशप्रेम इस कोटि का हो कि राष्ट्र के लिए वह बड़े से बड़ा बलिदान देने से भी न झिझके । देश पर कोई विपदा आए या बाहर से कोई खतरा हो तो वह अपने प्राणों की बाज़ी लगा देने के लिए भी तैयार हो । युद्ध के समय ही नहीं शांति के समय भी नागरिक के कई कर्तव्य हैं । देश में समाज-सुधार और आर्थिक उन्नति के लिए अनेक योजनाएँ बनाई जाती हैं । उनको सफल बनाना, देश के क़ानून का पालन करना, अपराधियों का पता लगाने में पुलिस की मदद करना आदि । सरकार को देश चलाने के लिए पैसों की ज़रुरत पड़ती है । यह पैसा जनता से टैक्स के रूप में लिया जाता है । अतः जो लोग टैक्स से बचने का प्रयत्न करते हैं, वे देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने से चूकते हैं । देश के चुनावों में भाग लेना और सोच-समझकर वोट देना यह भी हमारा प्रमुख कर्तव्य है ।

एक नागरिक के समस्त विश्व के प्रति भी कुछ कर्तव्य होते हैं । कभी-कभी किसी राष्ट्र के नागरिक अपने ही देश का विकास चाहते हैं और उसके लिए दूसरे देशों को हानि पहुँचाने से भी नहीं झिझकते । इसी कारण संसार में अशांति फैलती है । यह संकुचित राष्ट्रीयता है । फलस्वरूप विश्व को दो-दो विश्व-युद्धों का भयंकर तांडव झेलना पड़ा ।

(i) देश के लिए नागरिक के मन में क्या होना चाहिए ? (1)

(क) अनन्य भक्ति भाव (ख) प्रेम

(ग) क और ख दोनों (घ) देश की प्रगति

(ii) 'प्राणों की बाज़ी लगा देना' का अर्थ है - (1)

(क) बाज़ी खेलना (ख) जान की परवाह न करना

(ग) देश सेवा करना (घ) ये सभी

(iii) नागरिक को अपने कर्तव्य किस समय निभाने चाहिए ? (1)

(क) युद्ध के समय (ख) शांति के समय

(ग) क और ख दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) देश के नागरिकों को टैक्स क्यों देना चाहिए ? (2)

(v) विश्व-युद्ध किस कारण हुआ ? (2)

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :

ज्यों निकल कर बादलों की गोद से
थी अभी एक बूँद कुछ आगे बढ़ी,
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी
हाय क्यों घर छोड़कर मैं यों निकली ।
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में,
चू पड़ूँगी या कमल के फूल में ।
बह गई उस काल एक ऐसी हवा
वह समंदर ओर आई अनमनी,
एक सुन्दर सीप का मुँह था खुला
वो उसी में जा गिरी मोती बनी ।
लोग यों ही हैं झिझकते सोचते
जबकि उनको छोड़ना पड़ता है घर,
किन्तु घर का छोड़ना अक्सर उन्हें
बूँद भाँति कुछ और ही देता है कर ।

(i) बूँद कहाँ से निकली ? (1)

(क) बादलों की गोद से (ख) अपने घर से

(ग) सागर से (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) बूँद क्या सोचने लगी ? (1)

(क) वह किसकी बेटी है (ख) वह कब तक बचेगी

(ग) वह कब घर पहुँचेगी (घ) वह क्यों घर से निकली

(iii) बूँद को समंदर की ओर कौन बहा ले गया ? (1)

(क) बादल (ख) हवा

(ग) सीप (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) बूँद ने अपने भविष्य के विषय में क्या-क्या अनुमान लगाए थे ? (2)

(v) बूँद का अंत देखकर हमें क्या सीख मिलती है ? (2)

## खंड-ख

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x8=8)

(i) मुंबई/लड़के/आँखें- में कौन-सा अनुनासिक युक्त शब्द है ?

(ii) 'अत्यत' शब्द में उपयुक्त स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए ।

(iii) 'कागज' शब्द में उपयुक्त स्थान पर नुक्ता का प्रयोग कीजिए ।

(iv) 'परिश्रम करोगे तो सफलता <u>पाओगे</u> ।' (रेखांकित क्रिया में कौन-सा काल है, लिखिए)

(v) 'कलेजा मुँह को आना' (मुहावरे का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए)

(vi) 'नौकरी लगते ही ऋतिका के घर कंचन बरसने लगा ।' (वाक्य से मुहावरा पहचानकर लिखिए)

(vii) 'प्रश्नोत्तर' (संधि-विच्छेद कीजिए)

(viii) 'हिम+आलय' (संधि कीजिए)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए- (1x8=8)

(i) पता नहीं वह आएगा या नहीं (वाक्य में उपयुक्त स्थान पर विराम-चिह्न का प्रयोग कीजिए)

(ii) 'शायद <u>यहाँ</u> कोई आया था ।' (रेखांकित क्रिया-विशेषण का भेद लिखिए)

(iii) 'जो पुस्तक रोचक होगी, उसे सभी पढ़ना चाहेंगे ।' (सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए)

(iv) 'शुभ-लाभ' (समास विग्रह कीजिए)

(v) 'पंचामृत' (समास का नाम लिखिए)

(vi) 'पुत्र' (वर्ण-विच्छेद कीजिए)

(vii) 'अर्जुन <u>कुशल</u> धनुर्धर था ।' (रेखांकित अनेकार्थी शब्द का उचित अर्थ लिखिए)

(viii) 19 वीं सदी से पहले लोक-कलाओं को शास्त्रीय कला की तुलना में (उपेक्षा/अपेक्षा) सहनी पड़ी ।
(उचित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए)

## खंड-'ग'

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए : (1x5=5)

लोकगीत अपनी लोच, ताज़गी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं । लोकगीत सीधे जनता के गीत हैं । घर, गाँव और नगर के संगीत हैं ये । इनके लिए साधना की ज़रुरत नहीं होती । त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गाए जाते हैं । सदा से ये गाए जाते रहे हैं और इनके रचने वाले भी अधिकतर गाँव के लोग ही हैं । स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है । ये गीत बाजों की मदद के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाए जाते हैं ।

एक समय था जब शास्त्रीय संगीत के सामने इनको हेय समझा जाता था । अभी हाल तक इनकी बड़ी उपेक्षा की जाती थी ।

(i) लोकगीत में कौन-सी विशेषताएँ पाई जाती हैं ?

(क) लोच (ख) ताज़गी

(ग) लोकप्रियता (घ) ये सभी

(ii) इस गद्यांश में किसका वर्णन है ?

(क) लोकगीतों का (ख) गाँवों का

(ग) स्त्रियों का (घ) शास्त्रीय संगीत का

(iii) लोकगीत शास्त्रीय गीत से इस तरह भिन्न हैं कि -

(क) लोकगीत के लिए साधना की ज़रुरत नहीं

(ख) लोकगीत बाजों के बिना गाए जा सकते हैं

(ग) क और ख दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) लोकगीतों की रचना विशेष रूप से किसने की है ?

(क) आदिवासियों ने　　(ख) वीरों ने

(ग) गाँव की जनता ने　　(घ) स्त्रियों ने

(v) अभी तक किनकी उपेक्षा की जाती थी ?

(क) लोकगीतों की　　(ख) शास्त्रीय गीतों की

(ग) क और ख दोनों　　(घ) इनमें से कोई नहीं

6. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए : (1x5=5)

कानपुर के नाना की मुँहबोली बहन 'छबीली' थी,
लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी,
नाना के संग पढ़ती थी वह, नाना के संग खेली थी,
बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी उसकी यही सहेली थी,
वीर शिवाजी की गाथाएँ, उसको याद ज़बानी थीं।
बुंदेले हरबोलों के मुँह, हमने सुनी कहानी थी।
ख़ूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी॥
लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार,
देख मराठे पुलकित होते उसकी तलवारों के वार,
नक़ली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना ख़ूब शिकार,
सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना, ये थे उसके प्रिय खिलवाड़,

(i) इस पद्यांश की रचनाकार कौन हैं ?

(क) कृष्णा सोबती　　(ख) सुभद्राकुमारी चौहान

(ग) हेलेन केलेर　　(घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'छबीली' किस नाम से प्रसिद्ध है ?

(क) अकेली　　(ख) मर्दानी

(ख) दुर्गा　　(घ) लक्ष्मीबाई

(iii) 'छबीली' किसकी मुँहबोली बहन थी ?

(क) दुर्गा की　　(ख) शिवाजी की

(ग) नाना की　　(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) छबीली के तलवारों के वार देखकर कौन पुलकित होता था ?

(क) शिवाजी　　(ख) मराठे

(ग) नाना　　(घ) कानपुर के वीर

(v) छबीली के प्रिय खिलवाड़ कौन-से थे ?

(क) नकली युद्ध (ख) व्यूह रचना
(ग) दुर्ग तोड़ना (घ) ये सभी

7. निम्नलिखित चार में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : (3x3=9)

(i) गांधीजी ने युवा लड़कों को अनाज बीनने के लिए क्यों बिठा दिया ?

(ii) लेखिका कृष्णा सोबती के पहनावे में कालांतर में क्या बदलाव आया ?

(iii) चिड़िया अंडे सेने क्यों नहीं आई, 'नादान दोस्त' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए । आप पंछियों की सहायता कैसे कर सकते हैं ?

(iv) क्या आपके अनुसार संसार पुस्तक है ? उदाहरण सहित समझाएँ ।

8. निम्नलिखित चार में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) चिड़िया वन को अपना बाबा क्यों कहती है ? तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

(ii) एक माँ की दिनचर्या अपने बालक के इर्द-गिर्द घूमती है- 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(iii) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है ?

(iv) फिरि बूझति हैं, "चलनो अब केतिक, पर्नकुटि करिहौं कित ह्वै?" -पंक्ति की व्याख्या कीजिए ।

## खंड- 'घ'

9. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: (1x5=5)

(क) यदि मैं अध्यापक होता/होती

- अध्यापक बनने का उद्देश्य
- अध्यापक के गुण और दायित्व
- आज के अध्यापक और उनकी चुनौतियाँ
- निष्कर्ष

(ख) आदर्श मित्र

- मित्र की आवश्यकता
- आदर्श मित्र की परिभाषा
- आदर्श मित्र का महत्व
- उपसंहार

(ग) विज्ञान और हम

- विज्ञान - अर्थात विशेष ज्ञान
- आधुनिक काल में विज्ञान की प्रगति, चिकत्सा, शिक्षा, व्यापार, यातायात, कृषि, अंतरिक्ष के क्षेत्र में
- विज्ञान और सावधानी
- निष्कर्ष

10(क) अपना गृह-कार्य समय पर न करने के लिए हिंदी अध्यापिका से क्षमा माँगते हुए 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । (1x5=5)

**अथवा**

(ख) आनंदालय के प्रवेश प्रांगण में विविध अवसरों पर लघु पुस्तक-प्रदर्शनी के आयोजन हेतु पुस्तकालय प्रबंधक को धन्यवाद देते हुए 80-100 शब्दों में एक पत्र लिखिए ।

11(क) विद्यालय में साफ़-सफाई रखने के उपायों पर चर्चा करते हुए दो मित्रों के बीच हुए संवाद को 80-100 शब्दों में लिखिए । (1x5=5)

**अथवा**

(ख) वार्षिक परीक्षा की तैयारी के विषय में बातचीत करते हुए माता और पुत्र के बीच हुए वार्तालाप को 80-100 शब्दों में संवाद-शैली में लिखिए ।

12(क) 'टोपी' बनानेवाली कंपनी का नामकरण करते हुए लगभग 40-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । (1x3=3)

**अथवा**

(ख) व्याकरण की नई पुस्तक 'सुलभ हिंदी व्याकरण' के लिए लगभग 40-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए ।

13. चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरने वाले विचारों को समाहित करते हुए 70-80 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए | (1x4=4)

